राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने जारी किए आदेश

## आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार प्रो. जगदीश प्रसाद यादव को

जयपुर, 9 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति श्री ओम थानवी के स्थान पर राज ऋषि भर्तृहरी मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के कुलपति प्रो. जगदीश प्रसाद यादव को अग्रिम आदेशों तक आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्री मिश्र ने विश्वविद्यालय के अधिनियम, 2017 की धारा 21 (5) व 21 (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की सलाह से यह आदेश जारी किए हैं।

———